महावीर जयंती तथा गुड फ्राइडे का आयोजन 2019

आज दिनांक 18 अप्रैल को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय में महावीर जयंती तथा गुड फ्राइडे का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के अवसर पर कक्षा नवीं 'अ' तथा 'ब' के छात्र – छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसके अन्तर्गत प्रभु ईसा मसीह के बलिदान को दर्षाया गया । इस दिन ईसा मसीह ने अपनी मृत्यु के बाद फिर से जीवन धारण किया था। साथ ही यह संदेष दिया था कि वह हमेषा मनुष्यों के साथ है और मनुष्यों की भलाई करना ही उनका उद्देष्य है।

जैन धर्म के चौबीस तीर्थकारों में अंतिम तीर्थकार भगवान महावीर का जन्म दिवस विद्यालय प्रागंण में धूमधाम से मनाया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक में भगवान महावीर के जन्म से लेकर उनके तपोभूमी तक की यात्रा को दर्षाया गया। स्वामी महावीर ने पाँच प्रमुख सिद्धाता को अपनाने पर विषेष बल दिया – 1. अपरिग्रह, 2. अहिंसा 3. सत्य 4. चोरी न करना तथा 5. जीवों से प्रेम।

इस अवसर पर छात्राओ द्वारा एक रंगारंग नृत्य की भी प्रस्तुति दी। जिसने सबका मन मोह लिया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिकाओ ने इस अवसर पर उपस्थित समस्त जनों के हृदय पर भगवान महावीर तथा ईसा मसीह के संदेषो का प्रभाव अंकित किया।

प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज कोआर्डिनेटर मैडम ज्योति तथा समस्त षिक्षक गण उपस्थित थे।

प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने सभी को भगवान महावीर तथा ईसा मसीह के संदेषो के अनुसार चलने का आग्रह किया ।